JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2025 / 02 / 417–प्रेस विज्ञप्ति दिनांकः 05.02.2025

श्री पी उदय कुमार रेड्डी, अध्यक्ष कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन निगम लिमिटेड एवं महाप्रबंधक कोलकाता मेट्रो द्वारा जयपुर मेट्रो का दौरा एवं विरासत संरक्षण और तकनीकी प्रगति पर चर्चा।

जयपुर 05 फरवरी। श्री पी उदय कुमार रेड्डी, अध्यक्ष कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन निगम लिमिटेड एवं महाप्रबंधक कोलकाता मेट्रो ने जयपुर मेट्रो का आधिकारिक दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, श्री रेड्डी ने जयपुर मेट्रो के निदेशक कंपनी मामलात और सभी पूर्णकालिक निदेशकों के साथ जयपुर मेट्रो परिचालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। बैठक के बाद उन्होंने मेट्रो डिपो का निरीक्षण किया एवं जयपुर मेट्रो की संरचना और संचालन क्षमता का गहन अवलोकन किया गया। उन्हें मेट्रो सुरक्षा के लिए लागू उन्नत प्रोटोकॉल जैसे निगरानी प्रणाली, प्रवेश नियंत्रण और आपदा प्रबंधन रणनीतियों के बारे में जानकारी दी गई।

श्री रेड्डी ने मेट्रो ट्रेन द्वारा मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कि और जयपुर मेट्रो की कुशल परिचालन व्यवस्था का अनुभव किया। इस निरीक्षण के दौरान निदेशक परिचालन एवं प्रणाली एवं परिचालन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

इस दौरे का मुख्य आकर्षण छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो कला दीर्घा में प्रदर्शित 10वीं शताब्दी की अद्वितीय मूर्तियाँ, प्राचीन गोमुख एवं रागमाला की पेन्टिग थी, जो भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत का एक अनूठा प्रमाण है। कलादीर्घा में उनका स्वागत वरिष्ठ मेट्रो अधिकारियों ने किया। उन्होंने श्री रेड्डी को मूर्तियों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जहां उन्होंने आधुनिक ढांचे और प्राचीन कलाकृतियों के अनोखे समन्वय में गहरी रुचि दिखाई एवं प्रदर्शनी की सराहना की और जयपुर मेट्रो की उत्कृष्ट सेवा और अधोसंरचना की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

श्री पी उदय कुमार रेड्डी ने कहा कि जयपुर मेट्रो प्रणाली अत्यधिक कुशल और सुव्यवस्थित है। इसके संचालन मानक, अधोसंरचना और यात्री सेवा के प्रति प्रतिबद्धता वास्तव में प्रशंसनीय है।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री वैभव गलारिया ने बताया कि यह दौरा देश के मेट्रो नेटवर्क के बीच ज्ञान विनिमय को बढ़ावा देने, संचालन में सर्वोत्तम प्रणालियों को लागू करने और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो